उत्तर प्रदेश में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योग

2382. **चौधरी हरमोहन सिंह :** क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) प्रदूषण नियंत्रण कार्य योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश में प्रदूषण फैलाने वाले किन-किन उद्योगों का पता लगाया गया है; और

(ख) प्रदूषण फैलाने वाले किन-किन उद्योगों को इस कार्य योजना में समाहित नहीं किया गया है और इसके क्या कारण हैं ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) और (ख) उत्तर प्रदेश में प्रदूषण फैलाने वाले सभी उद्योगों से अपेक्षा की जाती है कि वे दी गई समयावधि के अन्दर निर्धारित मानकों का पालन करें। उत्तर प्रदेश में इस कार्य योजना के अन्तर्गत जिन उद्योगों की शिनाख्त की गई है, वे अभिनिर्धारित 17 अत्यधिक प्रदूषण फैलाने वाले क्षेत्रों की बड़ी और मझौली इकाइयां हैं । ये इकाइयां सीमेंट, ताप-विद्युत, मद्यनिर्माण, चीनी, उर्वरक, तेल शोधन, कास्टिक सोडा, चमड़ा, लुगदी और कागज, कीटनाशक तथा फार्मेस्यूटिकल्स की श्रेणियों में आती हैं ।

भोज वेटलैंड परियोजना के अधीन भोपाल की जलाशय योजना

2383. **श्री कैलाश नारायण सारंग :** क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने भोज, वेटलैंड परियोजना के अन्तर्गत भोपाल के ऐतिहासिक और छोटे जलाशयों की परियोजना का कोई प्रस्ताव प्रस्तुत किया है ;

(ख) यदि हां, तो इन परियोजनाओं कितनी धनराशि अन्तर्ग्रस्त है और सरकार ने उक्त परियोजना के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की है;

(ग) क्या इस परियोजना के लिए कुल अपेक्षित राशि दे दी गई है; और

(घ) यदि नहीं, तो पूर्ण स्वीकृति कब तक दे दी जायेगी और कुल अपेक्षित राशि कब दे दी जायेगी ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) से (घ) भोज नमभूमि देश की उन 16 नमभूमियों में से एक है । जिन्हें पर्यावरण और वन मंत्रालय से निधिकृत नमभूमि कार्यक्रम के तहत संरक्षण और प्रबन्ध के लिए चुना गया है । मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों के आधार पर, मध्य प्रदेश राज्य सरकार वर्ष 1988–89 से भोज नमभूमि के लिए वार्षिक योजनाएं तैयार कर रही है । इन कार्य योजनाओं के तहत जिनमें वृक्षारोपण के जरिए क्षरण नियंत्रण, नियंत्रण, खर-पतवार नियंत्रण, जल गुणवत्ता निगरानी, जागरूकता उत्पन्न करना आदि शामिल हैं, गतिविधियां शुरू करने के लिए राज्य सरकार को अब तक कुल 51 लाख रुपये की राशि दी जा चुकी है ।

Forest depletion caused by Paper Industry

2384. SHRI JAGMOHAN : WiU the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS foe pleased to state :

(a) whether At is a fact that the paper industry in India is causing depletion of forest resources and also polluting water on a large scale;

(b) what measures have been taken *to* minimise depletion of forest resources and to control pollution of water; and

(c) what steps are being taken to encourage production of hand-made paper which causes much less pollution and has vast employment potential, particularly for women ?